माँ पाटेश्वरी विश्वविद्यालय, बलरामपुर, उत्तर प्रदेश
Maa Pateswari University, Balrampur, Uttar Pradesh

Website : https://mpublp.ac.in E-mail : reg.mpublp@gmail.com

पत्रांक : माँ०पा०वि०/कु०स०का०/2026- 1072 दिनांक : 23/05/2026

संशोधित

कार्यालय आदेश

समस्त संकायाध्यक्षगण, सम्बद्ध महाविद्यालयों के प्राचार्यों के साथ आयोजित बैठक दिनांक 23.05.2026 में लिए गये निर्णय एवं कुलपति महोदय के आदेश के क्रम में विश्वविद्यालय के पत्र माँ0पा0वि0/कु0स0क0/2026/1066 दिनांक 20.05.2026 द्वारा ग्रीष्मावकाश हेतु निर्गत आदेश में संशोधन करते हुए विश्वविद्यालय एवं सम्बद्ध महाविद्यालयों के शिक्षकों के लिए **दिनांक 08.06.2026 दिन सोमवार से दिनांक 13.07.2026 दिन सोमवार तक** ग्रीष्मावकाश इस शर्त के साथ घोषित किया जाता है कि ग्रीष्मावकाश के दौरान परीक्षा, प्रवेश, मूल्यांकन या अन्य आवश्यक कार्यों हेतु जिन शिक्षकों को रोका जाना है उन शिक्षकों की सूची सम्बद्ध महाविद्यालय के प्राचार्य/प्राचार्या के द्वारा अनुमोदित की जायेगी। जिस अवधि हेतु ग्रीष्मावकाश में शिक्षकों को रोका जायेगा, उसके सापेक्ष महाविद्यालयों के प्राचार्य/प्राचार्या द्वारा शिक्षकों को नियमानुसार प्रतिकर अवकाश देय होगा। शेष अवकाश (कुल 09 दिन) 02 दिन दीपावली, 03 दिन शीतावकाश, 02 दिन होली एवं 02 दिन नवरात्रि में दिया जायेगा।

ग्रीष्मावकाश अवधि में विश्वविद्यालय के समस्त प्रशासनिक एवं विभागीय कार्यालय यथावत खुले रहेंगें तथा छात्रों का प्रवेश, द्वितीय सेमेस्टर की परीक्षायें एवं मूल्यांकन कार्य निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार संचालित होते रहेंगें। विश्वविद्यालय एवं सम्बद्ध महाविद्यालयों में नवीन सत्र दिनांक 14.07.2026 दिन मंगलवार से प्रारम्भ होगा।

कुलसचिव

प्रतिलिपि :— निम्नलिखित को सादर सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

1. कुलपति कार्यालय, मा0 कुलपति, माँ पाटेश्वरी विश्वविद्यालय, बलरामपुर।
2. समस्त संकायाध्यक्ष, माँ पाटेश्वरी विश्वविद्यालय, बलरामपुर।
3. प्राचार्य/प्राचार्या सम्बद्ध महाविद्यालय, माँ पाटेश्वरी विश्वविद्यालय, बलरामपुर।
4. अधिष्ठाता, छात्र कल्याण, माँ पाटेश्वरी विश्वविद्यालय, बलरामपुर।
5. वित्त अधिकारी, माँ पाटेश्वरी विश्वविद्यालय, बलरामपुर।
6. परीक्षा नियंत्रक, माँ पाटेश्वरी विश्वविद्यालय, बलरामपुर।
7. नोडल कोवार्डिनेटर, समर्थ को इस आशय से प्रेषित की उक्त आदेश को विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर अपलोड कराना सुनिश्चित करें।
8. मीडिया प्रभारी, माँ पाटेश्वरी विश्वविद्यालय, बलरामपुर को इस आशय से प्रेषित कि उक्त सूचना को समाचार पत्रों में प्रकाशित करवाना सुनिश्चित करें।
9. गार्ड फाइल।

कुलसचिव